**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या- *193**

**सोमवार, 9 दिसम्बर, 2024/18 अग्रहायण, 1946 (शक)**

## नेशनल करियर सर्विस पोर्टल

***193. श्री भर्तृहरि महताब:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल कौशल विकास से संबंधित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान करता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या एनसीएस पोर्टल करियर संबंधी योजना के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करता है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार मंत्री**

**(डॉ मनसुख मंडाविया)**

**(क) से (घ):** एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**

**"नेशनल करियर सर्विस पोर्टल" के संबंध में श्री भर्तृहरि महताब द्वारा दिनांक 09-12-2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *193 के उत्तर में संदर्भित विवरण**

(क) से (घ): श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल चला रहा है जो सभी करियर संबंधी सेवाओं के लिए वन-स्टॉप समाधान है तथा इस डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से सभी करियर संबंधी सेवाओं सहित निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों, रोजगार खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि की जानकारी प्रदान की जाती है।

रोजगार चाहने वालों की नियोजनीयता, डिजिटल और करियर कौशल को बढ़ाने के लिए तथा युवाओं को आवश्यक नियोजनीयता संबंधी कौशल से सशक्त और सुसज्जित करने हेतु एनसीएस पोर्टल अन्य बातों के साथ-साथ ऑनलाइन नियोजनीयता वृद्धि कार्यक्रम, डिजिटल कौशल वृद्धि कार्यक्रम और स्वतः स्फूर्त (सेल्फ पेस) करियर कौशल कार्यक्रम प्रदान करता है।

एनसीएस पोर्टल को स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) के साथ एकीकृत किया गया है जो रोजगार और उद्यमशीलता के अवसरों हेतु एक ऑनलाइन प्रशिक्षण मंच के माध्यम से व्यक्तियों को स्किल, री-स्किल और अप-स्किल करने के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन और विकसित किया गया है। एसआईडीएच के साथ एनसीएस पोर्टल के एकीकरण से एसआईडीएच के कुशल रोजगार चाहने वाले (नियोजित/बेरोजगार) व्यक्तियों के लिए एनसीएस पोर्टल का लाभ और एनसीएस पोर्टल के रोजगार चाहने वाले (नियोजित/बेरोजगार) व्यक्तियों के लिए एसआईडीएच की कौशल सेवाओं का लाभ उठाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

इसके अतिरिक्त, एनसीएस पोर्टल पर मौजूद एक मॉड्यूल के तहत अनुमोदित करियर परामर्शदाताओं द्वारा करियर परामर्श और मार्गदर्शन सेवाएं प्रदान की जाती हैं। दिनांक 15.11.2024 तक लगभग 1150 करियर परामर्शदाता एनसीएस पोर्टल पर ऑन-बोर्ड हैं। **www.ncs.gov.in** पोर्टल पर कृषि, आईटी-आईटीईस, पर्यटन तथा आतिथ्य इत्यादि से संबंधी 52 क्षेत्रों के 3600 से अधिक रोजगार अवसरों की जानकारी भी उपलब्ध करवाई गई है।

*****